जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

हमारा वतन

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

ہمارا وطن ہفت روزہ

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी

संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी

सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 62 | अंक-39 | जयपुर, सोमवार, 19 अक्टूबर, 2026 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

डांडिया नाइट्स में युवती और महिलाओं ने जमकर खनकाए डांडिया, वूमेन वेलफेयर सोसाइटी ने किया आयोजन

जयपुर (हमारा वतन)

महिला अधिकारों और सशक्तिकरण के लिए संघर्षरत सोसाइटी वूमेन वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में चौमूं शहर के रेनवाल रोड स्थित शीश महल गार्डन में भव्य डांडिया नाइट्स का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ किया गया।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य व विशिष्ट अतिथियों द्वारा माता रानी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं आरती के साथ हुआ। इसके पश्चात रंग-बिरंगी पारंपरिक पोशाकों में सजी युवतियों और महिलाओं ने डीजे की मधुर धुनों पर देर रात तक जमकर डांडिया खनकाए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद सभापति आशीष दुसाद, नगर परिषद उपसभापति बाबूलाल सैनी एवं स्थानीय पार्षद गणों ने शिरकत की।

सोसाइटी की अध्यक्ष जगविन्द्र कौर ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण, शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभिना स्वागत एवं सम्मान किया। गोल्डन बेल्स एकेडमी के स्टूडेंट्स ने दमदार डांस परफोर्मेंस दी ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि वूमेन वेलफेयर सोसाइटी निरंतर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें आगे बढ़ाने की दिशा में सराहनीय कार्य कर रही है। नवरात्रि के पावन अवसर पर भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास के साथ माता रानी को प्रसन्न करने का यह प्रयास अत्यंत काबिले तारीफ है।

विभिन्न श्रेणियों में दिए गए पुरस्कार :रात 10 बजे तक शीश महल गार्डन दर्शकों व प्रतिभागियों से खचाखच भरा रहा।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को मिस दिवा, बेस्ट ग्रुप डांस, तथा बेस्ट कपल सहित कई अन्य श्रेणियों में पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी महिलाओं ने आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

इस अवसर पर पार्षद अमित सैनी, अर्पित सैनी, मक्खन सैनी, आलोक जांगिड़, प्रिंसिपल सरोज चौधरी, दीपक दुग्गल, संतोष यादव, सोहन सैनी,रामकिशोर यादव सहित सोसाइटी की अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन नेहा शर्मा द्वारा किया गया।







जल्द होगा मिस चौमूं का आयोजन

सोसाइटी की अध्यक्ष जगविन्द्र कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा जल्द ही मिस चौमूं प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि इस डांडिया नाइट्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली युवतियों को मिस चौमूं प्रतियोगिता के लिए सीधा चयन कर लिया गया है।





सुर वीणा संगीत संस्था का 'एक शाम डॉन के नाम' का हुआ सफल आयोजन, जमकर झूमें श्रोता

जयपुर (हमारा वतन)। सुर वीणा संगीत संस्था द्वारा जवाहर कला केंद्र के रंगायन सभागार में बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के जन्मदिवस पर उनके सदाबहार गीतों का एक संगीत कार्यक्रम एक शाम डॉन के नाम संस्था की महागुरु वीणा मोदानी के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया । संस्था के संस्थापक तुलसीदास हरपलानी ने मैं हूं डॉन, नीलम हरपलानी ने हमने सनम को खत लिखा, डॉ. अशोक व संध्या सुराना ने एक्सीडेंट हो गया, विकास चंदेलिया और प्रियंका शर्मा ने दिल्गी ने दी हवा, डॉ. शरद निमावत ने रोते हुए आते हैं सब, राजेश विजयवर्गीय ने मेरे अंगने में, विल्सन राय ने अपनी तो जैसे तैसे, शेखर श्रीवास्तव ने दिलबर मेरे, शैलेन्द्र माथुर ने छू कर मेरे मन को, योगेश टांक ने पग घुंघरू, रमेश नजकानी ने थोड़ी सी जो पी ली है जैसे गानों से शाम रंगीन बना दी।

अन्य गीतों में नंदिता बेस ने तौबा तौबा क्या होगा, ऋतु वर्मा ने पिया बिना, संदीप व रूपसोना ने परदेसिया, भानु बंसल और रश्मि बालोदिया ने मुझे नौलखा मंगा दे, डॉ. अशोक शर्मा ने दे दे प्यार दे, सुनील ग्रोवर ने रिमझिम गिरे सावन, संध्या नगर ने जवानी जानेमन, डॉ. बी डी सोनी ने भोले ओ भोले, रजनीश, श्वेता व योगेश टांक की तिकड़ी ने कजरारे कजरारे की जबरदस्त प्रस्तुति दी। संस्था की महागुरु वीणा मोदानी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं, जिन्होंने ये कहां आ गए हम गीत सुनाकर पूरे सभागार को भाव विभोर कर दिया । रिटायर्ड जिला जज प्रेम चंद शर्मा, के. पी. सक्सेना जिला जज (भूतपूर्व), संगीत विद्वान डॉ. रोहित कटारिया, डॉक्टर एल सी ढोका, उद्योगपति सुनील नाटाणी, जे सी एस अध्यक्ष कंचन आनंद, अपर्णा बाजपेयी, उर्मिला न्याति, स्नेहलता भारद्वाज विशिष्ट अतिथि रहे । कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों ने जयपुर के संगीत प्रेमियों का जबरदस्त मनोरंजन किया और श्रोता अंत तक सभागार में झूमते नाचते रहे। पूरा सभागार अंत तक खचाखच भरा रहा और अतिरिक्त कुर्सियां लगाने पर भी स्थान कम पड़ गया।

राजस्थान में खादी वस्त्रों पर 50 प्रतिशत की बंपर छूट का लाभ शुरू

- गांधी जयंती से 30 जनवरी 2027 तक मिलेगी छूट
- 20 नवंबर से जयपुर में खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का होगा आयोजन


जयपुर (हमारा वतन)

राजस्थान में खादी प्रेमियों और आम नागरिकों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। गांधी जयंती 2 अक्टूबर के अवसर से राज्य में खादी वस्त्रों एवं उत्पादों पर खरीदारों को 50 प्रतिशत तक की विशेष बंपर छूट का लाभ मिलना शुरू हो गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्वदेशी खादी को बढ़ावा देना और इसे समाज के हर वर्ग के बजट में उपलब्ध कराना है।राजस्थान खादी संस्था संघ के मंत्री अनिल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह विशेष छूट 2 अक्टूबर 2026 से 30 जनवरी 2027 तक जारी रहेगी। राजस्थान निर्मित खादी उत्पादों पर 50 प्रतिशत की विशेष छूट और अन्य राज्यों के खादी उत्पादों पर 25 प्रतिशत की छूट ग्राहकों को दी जा रही है।

शर्मा ने कहा कि खादी उद्योग को प्रोत्साहित करने और इसे घर-घर तक लोकप्रिय बनाने के लिए पिछले तीन-चार वर्षों से राजस्थान में इस योजना का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी 20 नवम्बर 2026 से जयपुर स्थित खादी संस्था संघ परिसर में विशाल खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।आगामी शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के सभी खादी भंडारों पर महिलाओं और पुरुषों के लिए लेटेस्ट डिज़ाइन और प्रीमियम क्वालिटी के परिधानों का नया स्टॉक उपलब्ध कराया गया है। सिल्क कॉटन व सिल्क कुर्ते, पजामा सेट, पैंट-शर्ट फैब्रिक, साड़ियाँ,होजरी जैकेट, पॉली वूलन जैकेट, स्टाइलिश मोदी/नेहरू जैकेट एवं अन्य गर्म कपड़े,पारंपरिक हाथ की बनी खादी की रजाई, हल्के व भारी कंबल, खूबसूरत शॉल तथा बेडशीट उपलब्ध हैं ।

खादी अपनी बेहतरीन गुणवत्ता, टिकाऊपन, पारंपरिक पहचान और आरामदायक अनुभव के लिए जानी जाती है। संस्था संघ ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस छूट का अधिकतम लाभ उठाएं और स्वदेशी को बढ़ावा दें।





सरपंची के अधूरे अरमान (कविता)

मन में सरपंची का
सपना,आँखों में अरमान है।
सफेद कुर्ता-पायजामा
पहनने की चाह महान है।
कोई घर आकर कहता,भाई,
अबकी चुनाव लड़ जाओ।
गाँव की सेवा का अवसर है,
अपनी किस्मत को
आज़माओ।
पर कमबख्त कोई आकर,
मुझसे कहता ही नहीं।
मेरे मन की पीड़ा को,कोई
समझता ही नहीं।
चर्चाएँ तो खूब होती हैं, मेरी
सरपंची के नाम पर।
पर कोई खुलकर कहता नहीं,
मेरे इस अरमान पर।
कोई कह देता तो दिल को,
थोड़ा सुकून मिल जाता।
मन के सूने आँगन में,आशा
का फूल खिल जाता।
कुछ लोग घर आकर मुझसे,
मेरा हाल तो पूछते।
सरपंच बनने की बात
कहकर, मेरे सपनों को सींचते।
सोच रहा हूँ कब तक मन में,
ये अरमान छिपाऊँगा।
कब कुर्ता-पायजामा
पहनकर, चुनावी रंग जमाऊँगा।
कोई तो आए, कोई तो कहे,
जिससे मेरे मन की आस जगे।
मैं भी थोड़ा इतराकर चलूँ,
गाँव में चर्चाएं खास जगे।
किसी के कहने पर मन में,
चुनावी दीप जलाया।
पुराने धुरंधरों ने आकर, फिर
मुझे बैठा ही दिया।
अपनी तैयारी, अपनी ख्याति,
अनुभव खूब गिनाए।
ऐसे दाँव-पेच समझाए, सारे
हौसले डिगाए।
जनसेवा के खिले अरमान,
मन में ही मुरझा गए।
सरपंची के अधूरे सपने, सपने
बनकर ही रह गए।



महेन्द्र सिंह कटारिया,
नीमकाथाना, राजस्थान

विनायक ज्वेलर्स के संचालक ने आदर्श रामलीला मंडल के कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

जयपुर (हमारा वतन) क्षेत्र के सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में हमेशा अग्रणी रहने वाले बापू बाजार स्थित विनायक ज्वेलर्स के संचालक एवं प्रसिद्ध समाजसेवी पवन कुमार सोनी द्वारा आदर्श रामलीला मंडल के समस्त समर्पित कार्यकर्ताओं का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान उन्होंने रामलीला मंडल के प्रत्येक कार्यकर्ता को चांदी का प्रतीक चिन्ह भेंट कर और दुपट्टा पहनाकर उनका अभिनंदन किया। सम्मान समारोह के दौरान समाजसेवी पवन कुमार सोनी ने कहा कि रामलीला मंचन और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए जो कार्यकर्ता बिना किसी स्वार्थ के पूरी तरह निशुल्क अपनी सेवाएं देते हैं, उनका समाज में सदैव सम्मान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे निष्काम भाव से कार्य करने वाले कलाकारों और कार्यकर्ताओं से समाज को एक बहुत ही प्रेरणादायक संदेश मिलता है, इसलिए हम सभी का दायित्व है कि निरंतर उनका मनोबल बढ़ाते रहें। इस आयोजन से रामलीला मंडल के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया और उन्होंने समाजसेवी पवन कुमार सोनी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक और प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।



RP सोलर की प्रथम वर्षगांठ पर 103 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

जयपुर (हमारा वतन)। आर.पी. सोलर पावर प्रोजेक्ट की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में थाना मोड़, चौमूं में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 103 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संरक्षक डॉ. ओमप्रकाश शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान दंपति मुकेश दीक्षित एवं ममता शर्मा ने भी रक्तदान कर समाज के सामने प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पधारे आगंतुक अतिथियों का निर्देशक भुवनेश तिवाडी एवं शशिकांत शर्मा ने दुपट्टा एवं भगवान रामलला की प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया।

आर.पी. सोलर पावर प्रोजेक्ट पिछले एक वर्ष से प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से क्षेत्र में सैकड़ों सोलर सिस्टम स्थापित कर चुका है। सोलर इंजीनियर योगेश सैनी ने बताया कि आमजन



को सौर ऊर्जा अपनाने, बिजली बिल में बचत करने और स्वच्छ ऊर्जा के प्रति जागरूक बनाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। प्रथम वर्षगांठ पर रक्तदान शिविर आयोजित कर संस्थान ने ऊर्जा संरक्षण के साथ-साथ मानव सेवा और सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व विप्र कल्याण बोर्ड उपाध्यक्ष मंजू शर्मा रहीं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, समाजसेवी गोपाल शर्मा, वरिष्ठ नेता राजेंद्र शर्मा, काशीनाथ शर्मा, नागेंद्र वशिष्ठ, लोकचंद हरीरामानी, अग्रवाल समाज महामंत्री नमिता अग्रवाल, समाजसेवी डॉ. सुरभी सिंह, पार्षद कमल जागिड़ तथा फैंसी एवं फुटवियर व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन सैनी उपस्थित रहे।



अभय आश्रम का वार्षिकोत्सव 25 अक्टूबर को

चौमूं (हमारा वतन) । चौमूं शहर के रींगस रोड स्थित रतन विहार कॉलोनी स्थित अभय आश्रम का वार्षिकोत्सव आगामी 25 अक्टूबर को 10 बजे से बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर आश्रम में विभिन्न धार्मिक व आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

वार्षिकोत्सव के मुख्य आकर्षण ब्रह्मनिष्ठ संत रतन रंगीला महाराज के सानिध्य में आयोजित होने वाले आध्यात्मिक कार्यक्रम रहेंगे। महाराज के मुखारविंद से आयोजित होने वाले सत्संग और अमृतमयी प्रवचनों से श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संत-महात्माओं और धर्मप्रेमियों के शामिल होने की संभावना है।

आश्रम समिति की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, वार्षिकोत्सव के इस पावन पर्व पर संध्या के समय विशाल प्रसादी (भंडारे) का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमियों, श्रद्धालुओं और आमजन से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पधारकर गुरु महाराज के दर्शन लाभ लें और वार्षिकोत्सव के इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाएं।

गलती किसकी शॉर्ट फिल्म का इंटरनेशनल टैगोर फिल्म अवार्ड 2026 में हुआ ऑफिशियल सिलेक्शन

जयपुर (हमारा वतन)

पत्रकार और फिल्ममेकर राम गोपाल सैनी द्वारा निर्देशित शॉर्ट फिल्म 'गलती किसकी' का इंटरनेशनल टैगोर फिल्म अवार्ड 2026 के लिए ऑफिशियल सिलेक्शन हुआ है ।पारिवारिक ताने-बाने से रची इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे माता-पिता अपने बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए मेहनत करते हैं और उनकी सक्सेस के लिए सब कुछ करते हैं । विदेश में उनको सेटल कर देते हैं, लेकिन जब बुढ़ापा आता है तो वही माता-पिता यह सोचते हैं कि बुढ़ापे में हमारा सहारा कौन है ? वहीं बच्चे भी सोचते हैं कि माता-पिता की सेवा विदेश में रहकर कैसे की जाए ? दोनों ही सोचते हैं कि इसमें गलती किसकी है ?

फिल्म का निर्माण कला, सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था संस्कार सृजन संस्था के बैनर तले किया गया है । फिल्म 7 अक्टूबर को संस्कार टेलीफिल्म के



यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है ।

इस शॉर्ट फिल्म में राजस्थानी फिल्मों के महानायक उग्रसेन तंवर, जया पांडे, अभिनव शर्मा और अभिमन्यु शर्मा ने मुख्य भूमिका निभाई है । एडिटिंग रजनीश सैनी की है । जयांजलि प्रोडक्शन का शूटिंग में विशेष सहयोग रहा है ।

फिल्म डायरेक्टर राम गोपाल सैनी राजस्थान के जयपुर जिले के चौमूं कस्बे स्थित मोरीजा गांव के निवासी हैं । वर्तमान में संस्कार सृजन संस्था के अध्यक्ष, हमारा वतन और संस्कार सृजन न्यूज़ पेपर के संपादक सहित फिल्म निर्माण का कार्य कर रहे हैं । अब तक 16 शॉर्ट फिल्म और कई म्यूजिक एल्बम का निर्माण कर चुके हैं । राम गोपाल सैनी लगातार अनुभवी कलाकारों के साथ नई प्रतिभाओं को मौका देने का काम कर रहे हैं । जानकारी के लिए आपको बता दें कि इससे पहले भी संस्कार सृजन संस्था द्वारा निर्मित अनमोल जीवन, अपमान, सच्ची आज़ादी, राखी, दूरियाँ और गलती किसकी जैसी शॉर्ट फिल्म संस्कार टेलीफिल्म यूट्यूब चैनल पर रिलीज हो चुकी हैं, जिसे दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिल रहा है ।

सभी खादी संस्थाओं से निवेदन है कि अपनी गतिविधियों की जानकारी प्रकाशित करवाने के लिए हमें जरूर भेजें !
Email-hamarawatan65@gmail.com, whatsapp-9214996258.
Khadi For Nation
खादी भारत
Khadi India
Khadi For Fashion

जॉब्स

1. रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड, पद एनटीपीसी ग्रेजुएट लेवल, पद संख्या 3548, अंतिम तिथि 6 नवंबर 2026
2. रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड, पद एनटीपीसी 10 + 2 लेवल, पद संख्या 1689, अंतिम तिथि 13 नवंबर 2026
3. नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, पद एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, पद संख्या 321, अंतिम तिथि 28 अक्टूबर 2026
4. सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ इंडिया, पद जूनियर कोर्ट अटेंडेंट, पद संख्या 130, अंतिम तिथि 25 नवंबर 2026
5. बिहार पब्लिक सर्विस कमिशन, पद स्कूल टीचर, पद 32388, अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2026
6. आइटीबीपी, पद हेड कांस्टेबल, पद संख्या 37, अंतिम तिथि 27 अक्टूबर 2026
7. यूपीएसएससी, पद रीजनल यूथ वेलफेयर एंड डेवलपमेंट टीम ऑफिसर, पद संख्या 412, अंतिम तिथि 6 नवंबर 2026
8. डीएसएसएसबी, पद सफाई कर्मचारी, चौकीदार, पद संख्या 25, अंतिम तिथि 11 नवंबर 2026

माली समाज विकास समिति का सदस्यता अभियान शुरू

चौमूं (हमारा वतन) माली समाज विकास समिति तहसील चौमूं का सदस्यता अभियान सैनी समाज सभा भवन में विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया । सदस्यता हेतु आवेदकों को आधार कार्ड के साथ स्वयं उपस्थित होकर विहित प्रारूप में सदस्यता फॉर्म भरना होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में कैंप लगाकर भी सदस्यता अभियान चलाया जावेगा। सदस्यता हेतु आवेदक दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक सैनी समाज सभा भवन, चौमूं में आधार कार्ड की प्रति के साथ उपस्थित होकर सदस्यता हेतु आवेदन कर सकेंगे । इस अवसर पर माली समाज विकास समिति तहसील चौमूं अध्यक्ष हीरालाल पाच्यां, भवन निर्माण समिति अध्यक्ष जयनारायण चंदेल, कर्मचारी संघ तहसील अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया, कुमार गौरव सैनी, ओम प्रकाश भगत, बी.एल.सैनी, राजकुमार कांकरवाल सहित अनेक समाज बंधु उपस्थित रहे ।



वार्ड नं. 8 से भाजपा प्रत्याशी सुमन सैनी के चुनाव कार्यालय का हाड़ौता में हुआ भव्य उद्घाटन

चौमूं (हमारा वतन)। चौमूं पंचायत समिति क्षेत्र के वार्ड संख्या 8 से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी सुमन सैनी के चुनावी अभियान को गति देने के लिए हाड़ौता में मुख्य चुनाव कार्यालय का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा उपस्थित रहे, जिन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना एवं फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया।कार्यालय उद्घाटन समारोह के दौरान समर्थकों और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। उपस्थित जनों ने भाजपा प्रत्याशी सुमन सैनी और अतिथियों का फूल-मालाएँ और भाजपा का दुपट्टा पहनाकर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा की नीतियाँ और विकास कार्य हमेशा जन-जन तक पहुँचे हैं। वार्ड संख्या 8 की जनता का यह अपार स्नेह और समर्थन सुमन सैनी की ऐतिहासिक जीत को सुनिश्चित कर रहा है।



प्रत्याशी सुमन सैनी ने सभी वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे वार्ड के सर्वांगीण विकास, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और हर वर्ग के कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहेंगी। इस गरिमामयी कार्यक्रम में पंचायत समिति चौमूं प्रभारी महेंद्र यादव, निवर्तमान सरपंच केशर देवी, मीरा यादव, कुञ्ज बिहारी अग्रवाल, माली समाज के पूर्व अध्यक्ष घीसा लाल सैनी, सुरेश तंवर, योगेश यादव, दिनेश गौरा, मनोज सैनी, भागीरथ यादव सहित भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, भाजपा पदाधिकारी एवं समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मोरीजा ग्राम पंचायत में सरपंच उम्मीदवार शीला सैनी को मिल रहा अपार जनसमर्थन

चौमूं (हमारा वतन)। चौमूं पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोरीजा में आगामी पंचायत चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। मोरीजा ग्राम पंचायत से शिक्षित, युवा एवं सेवाभावी सरपंच पद उम्मीदवार शीला सैनी को ग्रामीणों का अभूतपूर्व और अपार जनसमर्थन मिल रहा है। जनसंपर्क अभियान के दौरान गाँव के हर वार्ड और ढाणी में उनका ढोल-नगाड़ों, माला, चुनरी और पारंपरिक साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया जा रहा है।



जनसंपर्क के दौरान शीला सैनी ने मोरीजा ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास, पारदर्शिता और जनसेवा का संकल्प दोहराया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उम्मीदवार शीला सैनी ने कहा, मोरीजा का विकास और प्रत्येक ग्रामीण का कल्याण ही मेरी पहली प्राथमिकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, साफ़-सफ़ाई, पेयजल व्यवस्था और सड़कों की स्थिति में सुधार लाने के लिए मैं सदैव तत्पर रहूँगी। शीला सैनी ने संबोधित करते हुए कहा कि गाँव की बेटियों और युवाओं के लिए बेहतर शैक्षणिक माहौल व सुविधाएं उपलब्ध कराना। स्वच्छ पेयजल, पक्की सड़कों का निर्माण और नालियों की बेहतर व्यवस्था करना। सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के गाँव के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना। युवाओं के लिए खेल मैदान व रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना तथा किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण मेरी प्राथमिकता में रहेगा । गाँव के बुज़ुर्गों और युवाओं का कहना है कि शीला सैनी की शिक्षित और समर्पित सोच से मोरीजा ग्राम पंचायत विकास के एक नए आयाम को छुएगी। जनसंपर्क के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, युवा और मातृशक्ति उपस्थित रहकर अपना पूरा समर्थन दे रही है।

बॉलीवुड चटकारा



'एक बार भी अफेयर की चर्चा नहीं सुनी', गोविंदा-करिश्मा के रिश्ते पर सोमी अली ने सालों बाद बताई सच्चाई

बॉलीवुड में 90 के दशक में गोविंदा और करिश्मा कपूर की जोड़ी को लोगों ने काफी पसंद किया। पर्दे पर दोनों की नजदीकियों को देखकर उस दौर में उनके रिश्ते को लेकर चर्चाएं होने लगी थीं। हालांकि, इन अफवाहों की कभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई। अब एक बार फिर गोविंदा की निजी जिंदगी को लेकर चर्चाएं तेज हैं। उनकी पत्नी सुनीता आहूजा ने हाल ही में उनकी को-स्टार कोमल रानी के साथ कथित संबंधों को लेकर आरोप लगाए हैं। इसी बीच, गोविंदा के साथ फिल्म में काम कर चुकीं अभिनेत्री सोमी अली ने करिश्मा कपूर के साथ उनके कथित अफेयर पर अपनी बात रखी। सोमी अली ने गोविंदा और करिश्मा कपूर के रिश्ते को लेकर फैलने वाली चर्चाओं पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि गोविंदा और करिश्मा के अफेयर को लेकर कभी कोई अफवाह नहीं सुनी। उन्होंने कहा, लोलो (करिश्मा कपूर) के साथ ऐसा कभी नहीं हुआ। मैंने एक बार भी चिची (गोविंदा) और लोलो के अफेयर की अफवाह नहीं सुनी।सोमी ने आगे कहा, सलमान खान ने भी करिश्मा के साथ कई फिल्मों में काम किया है। दोनों के बीच काफी अच्छी दोस्ती है, लेकिन मैंने कभी उनके अफेयर के बारे में भी नहीं सुना। मैं उस समय फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा थी, लेकिन मुझे गोविंदा और करिश्मा के बीच किसी रिलेशनशिप की जानकारी नहीं थी।बातचीत के दौरान सोमी अली ने कहा, किसी की निजी जिंदगी और रिश्तों पर मैं टिप्पणी करना पसंद नहीं करतीं। जब कोई व्यक्ति किसी के साथ रिश्ते में रहना चाहता है, तो यह उसकी निजी पसंद है। मुझे किसी के फैसले पर सवाल उठाने या उसे गलत ठहराने का कोई अधिकार नहीं है।

सोमी ने कहा, मैं उस समय फिल्म इंडस्ट्री में मौजूद थीं और अगर गोविंदा और करिश्मा के बीच कुछ ऐसा होता, तो संभव है कि मुझे इसकी जानकारी मिलती। लेकिन मैंने ऐसी कोई बात नहीं सुनी।



माधुरी दीक्षित और डॉ. श्रीराम नेने की शादी को हुए 27 साल, पति ने यूं किया सेलिब्रेट

अभिनेत्री माधुरी दीक्षित के पति और हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रीराम नेने ने अभिनेत्री संग 27 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इस खास मौके पर उन्होंने उस दिन को याद किया, जब दोनों ने एक साथ अपने जीवन के सफर की शुरुआत की थी। डॉ. श्रीराम नेने ने इंस्टाग्राम पर कैलिफोर्निया के बेवर्ली हिल्स कोर्टहाउस में हुई अपनी शादी की अनदेखी तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें इस जोड़े की प्यारी शुरुआत की एक झलक देखने को मिली। तस्वीरों में कपल अंगूठियां बदलते हुए और परिवार-दोस्तों के साथ खाने पर जश्न मनाते हुए नजर आ रहे हैं। डॉ. श्रीराम नेने ने लिखा, आज से 27 साल पहले बेवर्ली हिल्स कोर्टहाउस में, हमने एक-दूसरे से जीवनभर साथ निभाने का वादा किया था और जिंदगी के सबसे खूबसूरत सफर की शुरुआत की थी। हमें नहीं पता था कि जिंदगी हमें कहां ले जाएगी लेकिन हम इतना जरूर जानते थे कि हम इसे साथ में जीना चाहते हैं। दो प्यारे बेटे, अनगिनत यादें, कुछ चुनौतियां, ढेर सारी हंसी और जीवनभर के प्यार के बाद मैं आज भी तुम्हें ही चुनूंगा।उन्होंने लिखा, हमने जो खूबसूरत सफर साथ तय किया है और आने वाले सभी नए अध्यायों के लिए, हैप्पी 27वीं एनिवर्सरी, माय लव। हमेशा के लिए, साथ-साथ। जब माधुरी ने 17 अक्टूबर 1999 को श्रीराम से शादी की थी, उस समय अभिनेत्री हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी स्टार्स में से एक थीं। कैलिफोर्निया में हुई उनकी शादी को बेहद प्राइवेट रखा गया था। उनकी शादी की खबर इतनी सीक्रेट रखी गई थी। कि इंडस्ट्री के लोगों को भी इसका पता बाद में चला।



पिता शॉर्ट फिल्म का पोस्ट प्रोडक्शन जोरों पर, संस्कार टेलीफिल्म्स पर जल्द होगी रिलीज़

जयपुर (हमारा वतन)। कला, सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था संस्कार सृजन संस्था के बैनर तले निर्मित शॉर्ट फिल्म पिता का पोस्ट प्रोडक्शन जोरों पर चल रहा है। यह शॉर्ट फिल्म जल्द ही संस्कार टेलीफिल्म्स यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगी । फिल्म की शूटिंग जयपुर की विभिन्न लोकेशंस पर की गई है । फिल्म के डायरेक्टर राम गोपाल सैनी ने बताया कि फिल्म में एक पिता के उस अनछुए पहलू को बारीकी से दिखाया गया है, जो बाहर से कठोर और सख्त नजर आते हैं, लेकिन अंदर से उतने ही कोमल और अपने बच्चों के लिए बेहद स्नेही होते हैं। इसके साथ ही फिल्म का दूसरा अहम पहलू यह भी उजागर करता है कि जिनके सिर से पिता का साया उठ जाता है, वे ही वास्तव में पिता के निःस्वार्थ प्यार और उनकी अहमियत को सबसे गहराई से समझ पाते हैं। पारिवारिक ताने-बाने पर बनी यह फिल्म दर्शकों को जरूर पसंद आएगी । इस शॉर्ट फिल्म में राजस्थानी फिल्मों के महानायक उग्रसेन तंवर, जया पांडे, अभिनव शर्मा और मुकेश पीपलीवाल मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। एडिटिंग रजनीश सैनी की है । जयांजलि प्रोडक्शन का शूटिंग में विशेष सहयोग रहा है ।



जानकारी के लिए आपको बता दें कि इससे पहले भी संस्कार सृजन संस्था द्वारा निर्मित अनमोल जीवन, अपमान, सच्ची आज़ादी, राखी, दूरियाँ और गलती किसकी जैसी शॉर्ट फिल्म संस्कार टेलीफिल्म्स यूट्यूब चैनल पर रिलीज हो चुकी हैं, जिसे दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिल रहा है ।चैनल आगे भी सामाजिक सन्देश देने वाली शॉर्ट फिल्मों का निर्माण कर नए कलाकारों को मौका देता रहेगा ।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

सम्पादकीय.....

पत्रकारिता और सोशल मीडिया

सूचना क्रांति के इस युग में दुनिया हमारी हथेली पर सिमट गई है। स्मार्टफोन और इंटरनेट ने संचार के स्वरूप को पूरी तरह बदल दिया है। कभी समाचारों के लिए लोगों को अगले दिन का अखबार, रेडियो का निर्धारित बुलेटिन या टेलीविजन के समाचार कार्यक्रमों का इंतजार करना पड़ता था, लेकिन आज फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, एक्स, व्हाट्सऐप और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर घटनाएं घटने के कुछ ही क्षणों में करोड़ों लोगों तक पहुंच जाती हैं। सूचना का यह तीव्र प्रवाह लोकतंत्र के लिए जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। इसी डिजिटल क्रांति ने एक नए वर्ग को जन्म दिया है, जिसे आज सोशल मीडिया एनफ्लुएंसर कहा जाता है। एनफ्लुएंसर समाज का हिस्सा हैं और उनमें से अनेक शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान, पर्यावरण, कृषि, पर्यटन, संस्कृति, उद्यमिता और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कई प्रतिभाओं को पहचान दिलाई है, छोटे व्यापारियों को बाजार उपलब्ध कराया है और दूरदराज की सांस्कृतिक विरासत को विश्व पटल तक पहुंचाया है। लेकिन इसके साथ ही एक ऐसी प्रवृत्ति भी तेजी से बढ़ी है, जहां बिना तथ्य जांचे, बिना किसी संपादकीय प्रक्रिया और बिना सामाजिक उत्तरदायित्व के सामग्री प्रसारित की जा रही है। यही स्थिति चिंता का विषय है। आज सोशल मीडिया पर कुछ लोग स्वयं को पत्रकार, विश्लेषक या विशेषज्ञ के रूप में प्रस्तुत कर देते हैं, जबकि उनके पास न पत्रकारिता का प्रशिक्षण होता है, न समाचार लेखन की समझ और न ही मीडिया की नैतिक मर्यादाओं का ज्ञान। परिणामस्वरूप अपुष्ट सूचनाएं, आधे-अधूरे तथ्य, भ्रामक शीर्षक और सनसनीखेज वीडियो कुछ ही मिनटों में लाखों लोगों तक पहुंच जाते हैं। इससे अफवाहों का बाजार गर्म होता है और समाज में भ्रम तथा अविश्वास की स्थिति उत्पन्न होती है। यहीं से पत्रकारिता और ब्लॉगिंग अथवा ब्लॉगिंग के बीच अंतर को समझना आवश्यक हो जाता है। ब्लॉगिंग और व्लॉगिंग मुख्यतः व्यक्तिगत विचार, अनुभव, जानकारी या मनोरंजन प्रस्तुत करने का माध्यम हैं। इनमें रचनात्मक स्वतंत्रता अधिक होती है। दूसरी ओर पत्रकारिता केवल सूचना देना नहीं, बल्कि सत्यापित, संतुलित, निष्पक्ष और जनहितकारी सूचना समाज तक पहुंचाने की जिम्मेदारी है। पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ इसलिए कही जाती है क्योंकि उसका उद्देश्य केवल खबर देना नहीं, बल्कि सत्ता से सवाल करना, समाज की आवाज बनना और सत्य को तथ्यों के आधार पर सामने लाना होता है। पत्रकार बनने के लिए केवल कैमरा या मोबाइल फोन पर्याप्त नहीं होता। पत्रकारिता एक विधा है, जिसका अपना इतिहास, सिद्धांत, आचार संहिता, भाषा, कानूनी दायित्व और सामाजिक उत्तरदायित्व है। पत्रकारिता के विद्यार्थी वर्षों तक समाचार लेखन, संपादन, मीडिया कानून, प्रेस नैतिकता, जनसंचार सिद्धांत, फोटो पत्रकारिता, रेडियो पत्रकारिता, टीवी पत्रकारिता, डिजिटल पत्रकारिता और मीडिया अनुसंधान का अध्ययन करते हैं। किसी भी समाचार को प्रकाशित या प्रसारित करने से पहले तथ्य जांचना, संबंधित पक्ष का मत लेना, दस्तावेजों की पुष्टि करना और कानूनी पहलुओं का ध्यान रखना पत्रकारिता का मूल आधार है। आज डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एक और गंभीर चुनौती क्लिकबेट संस्कृति की है। कई बार शीर्षक ऐसा बनाया जाता है जिससे पाठक या दर्शक आकर्षित हो जाए, जबकि वास्तविक सामग्री उससे बिल्कुल अलग होती है। सनसनी फैलाना, भय पैदा करना, आधी जानकारी देना या तथ्यों को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत करना येलो जर्नलिज्म यानी पीत पत्रकारिता की प्रवृत्ति को बढ़ावा देता है। पत्रकारिता का उद्देश्य कभी भी सनसनी पैदा करना नहीं रहा, बल्कि समाज को तथ्यपरक जानकारी देना रहा है। यह भी समझना आवश्यक है कि सोशल मीडिया और पत्रकारिता एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं।


राम गोपाल सैनी

SK RISEHUB SEVA TRUST के संरक्षक बने बनवारी लाल शर्मा

जयपुर (हमारा वतन)। ग्रामीण विकास, महिला सशक्तीकरण और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्यरत राष्ट्रीय संस्था SK RISEHUB SEVA TRUST INDIA (SRST) ने अपनी सामाजिक गतिविधियों के विस्तार की घोषणा की है। संस्था के उद्देश्यों को गति देने और युवाओं में राष्ट्रसेवा की भावना जागृत करने के लिए भारतीय सेना के जांबाज एवं 1999 कारगिल युद्ध के वीर योद्धा सूबेदार मेजर (से.नि.) बनवारी लाल शर्मा को कानोता ब्लॉक,जयपुर का संरक्षक नियुक्त किया गया है। शर्मा सेना की एविएशन विंग, लेह-लद्दाख सीमांत सेवा और संयुक्त राष्ट्र शांति सेना (सूडान) में अपनी गौरवपूर्ण सेवाएं दे चुके हैं। संस्था के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि पूर्व सैनिकों और अनुभवी समाजसेवियों का मार्गदर्शन ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलने में मील का पत्थर साबित होगा। संस्था द्वारा वर्तमान में ग्राम स्तर पर महिलाओं को जोड़कर साक्षर दीदी, स्वास्थ्य दीदी और ग्राम सेविका के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है। साथ ही सनआश्रम ब्रांड के तहत लगभग 25 से 30 प्रकार के प्राकृतिक व कुटीर उत्पादों हर्बल साबुन, धूपबत्ती, मोमबत्ती, अगरबत्ती, पूजा सामग्री व गो-उत्पाद के निर्माण की तैयारियां जारी हैं, जिससे स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। संरक्षक सूबेदार मेजर से.नि. बनवारी लाल शर्मा ने कहा कि सेना से सेवानिवृत्ति के बाद समाज और राष्ट्र-निर्माण में योगदान देना ही उनका ध्येय है। उन्होंने समाज के प्रबुद्ध नागरिकों, सेवानिवृत्त अधिकारियों और भामाशाहों से आह्वान किया कि वे ग्रामीण उत्थान के इस अभियान से जुड़ें ताकि गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन की नई मिसाल कायम की जा सके।



बराला हॉस्पिटल की चेयरपर्सन स्वर्गीय मूंगी देवी की छठी पुण्यतिथि पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

जयपुर (हमारा वतन)
बराला हॉस्पिटल परिसर में अस्पताल की चेयरपर्सन स्वर्गीय मूंगी देवी की छठी पुण्यतिथि अत्यंत श्रद्धा और भावुकता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अस्पताल परिवार और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनकी पवित्र स्मृति को नमन किया।

पुण्यतिथि के इस पावन अवसर पर हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. श्रवण बराला एवं डॉ. हनुमान बराला ने स्व. मूंगी देवी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि स्व. मूंगी देवी के दिखाए सेवा, परोपकार और मानव कल्याण के मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है।

इस श्रद्धांजलि सभा में हॉस्पिटल के सभी चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, नर्सिंग कॉलेज के कर्मचारी, नर्सिंग विद्यार्थियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में मरीजों और उनके परिजनों ने भी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनकी स्मृतियों को याद किया।

पुण्यतिथि को समाज सेवा के रूप में मनाते हुए हॉस्पिटल प्रबंधन की ओर से एक विशेष जन-कल्याणकारी पहल की गई। इस दौरान अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों के लिए निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श एवं ओपीडी सेवा का आयोजन किया गया, जिसका लाभ उठाकर 1,146 मरीजों ने निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श प्राप्त किया। यह पहल स्व. मूंगी देवी के सेवा और समर्पण के संस्कारों के प्रति गहरी संवेदनशीलता का प्रतीक रही। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की।



Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU !
थाना मोड़, चौमूँ
फ्लैक्स / विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर / पम्पलेट | बिल-बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई - कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है ।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

चौमूं पंचायत समिति वार्ड नंबर 10 से प्रत्याशी पत्रकार गोविंद सैनी ने किया तूफानी जनसंपर्क

जयपुर (हमारा वतन)। चौमूं पंचायत समिति के वार्ड नंबर 10 से प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करने के बाद पत्रकार गोविंद सैनी ने अपने क्षेत्र में सघन जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। जनसंपर्क के दौरान उन्हें वार्ड के बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं का व्यापक समर्थन मिल रहा है।जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों एवं मतदाताओं को संबोधित करते हुए गोविंद सैनी ने कहा कि वर्षों तक पत्रकारिता के माध्यम से उन्होंने वार्ड नंबर 10 की धरातली व मूलभूत समस्याओं को बहुत करीब से देखा और समझा है। उन्होंने कहा कि सड़क, पेयजल, निर्बाध बिजली आपूर्ति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और साफ-सफाई क्षेत्र की प्रमुख समस्याएं हैं, जिनसे वार्डवासी लंबे समय से जूझ रहे हैं।गोविंद सैनी ने वादा किया कि चुनाव जीतने के बाद इन सभी मूलभूत समस्याओं का स्थायी समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा, ÷मैं हमेशा जनता के बीच रहकर एक जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि सेवक के रूप में काम करूँगा और वार्ड नंबर 10 को एक सर्वसुविधायुक्त व आदर्श वार्ड के रूप में विकसित करूँगा। जनसंपर्क के दौरान गोविंद सैनी के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, युवा कार्यकर्ता, बुजुर्ग एवं महिला समर्थक मौजूद रहे, जिन्होंने पुष्पमाला पहनाकर एवं आशीर्वाद देकर उनका जगह-जगह जोरदार स्वागत किया।



RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।